Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding alleged unethical medical practices by private hospitals under Ayushman Bharat Scheme

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा) : महोदय, भारत सरकार की जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से देश का बड़ा वर्ग लाभान्वित हो रहा है । भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी जी के योग्य नेतृत्व में प्रारंभ की गई यह योजना आज करोड़ों लोगों की सहायता कर रही है । मैं सरकार का ध्यान आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध ऐसे अस्पतालों की ओर आकर्षित करवाना चाहता हूँ, जो फर्जी और अनधिकृत पैथोलॉजिकल रिपोर्ट पर आयुष्मान लाभार्थी रोगियों का इलाज करते हैं । आयुष्मान भारत योजना आर्थिक रूप से अशक्त परिवारों के लिए चिकित्सा के संबंध में एक मजबूत सहारा बन गई है, किंतु कुछ निजी अस्पतालों द्वारा अपने निजी स्वार्थों के इसके दुरुपयोग की घटनाएं बढ़ रही हैं । मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूँगा कि ऐसी घटनाओं के खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई, प्रशासनिक कार्रवाई अथवा वित्तीय दंडात्मक कार्रवाई का कोई प्रावधान किया जाए, जिससे कि फर्जी और अनधिकृत पैथोलॉजिकल रिपोर्ट पर आयुष्मान लाभार्थी रोगियों का इलाज करते पाए जाने की घटनाओं पर रोक लग सके और इस योजना का लाभ सभी जरूरतमंद लाभार्थियों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके ।

मैं सरकार से पुन: आग्रह करूंगा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के क्या-क्या प्रावधान हैं, यह बताने का कष्ट करें एवं ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की कृपा करें ।